शहर के विकास के लिए रिंग रोड़ बनाना जरूरी : अर्जुनराम मेघवाल

बीकानेर, (कासं)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री व जिला प्रभारी मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने शुक्रवार दोपहर जिला कलेक्ट्रेट सभागार में राज्य सरकार की वर्ष 2024-25 और वर्ष 2025-26 की बजट घोषणाओं की समीक्षा की।

इस दौरान मेघवाल और खींवसर ने दोनों वर्ष की बजट घोषणाओं की समीक्षा करते हुए जमीन आवंटन से संबंधित मामलों की समीक्षा करते हुए कहा कि जहां जमीन का आवंटन हो गया है वहां कार्य जल्द पूरा करें। साथ ही कई बजट घोषणाओं में अब तक जमीन का आवंटन नहीं होने पर नाराजगी जाहिर की।

■ **मेघवाल ने उदयरामसर से नाल और नाल से श्रीगंगानगर बाईपास तक बनने वाली रिंग रोड़ की जानकारी ली**

केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल और चिकित्सा मंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कलेक्ट्रेट सभागार में बजट घोषणाओं पर समीक्षा बैठक को संबोधित किया।

इस दौरान केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कहा कि किसी भी शहर के विकास के लिए रिंग रोड़ बनाना जरूरी है। शहर तभी विकास करता है जब रिंग रोड़ बनें। मेघवाल ने पीडब्लयूडी अधिकारियों से उदयरामसर से नाल और नाल से श्रीगंगानगर बाईपास तक बनने वाली रिंग रोड़ की जानकारी ली तो पीडब्लयूडी एसई ओ. पी. मण्डार ने बताया कि एन.एच. पीडब्लयूडी 39 लाख की लागत से डीपीआर बना रहा है। 15 अप्रैल 2027 तक डीपीआर बनकर तैयार हो जायेगी।

मेघवाल ने कहा कि बीकानेर से सीकर तक फोरलेन सड़क बनाने का भरसक प्रयास किया जायेगा। हालांकि सर्वे में वाहनों की संख्या कुछ कम आई है लेकिन इस मार्ग पर होने वाली दुर्घटनाओं को देखते हुए फोरलेन सड़क बनाने के पूरे प्रयास किए जायेंगे। मेघवाल ने सिविल एयरपोर्ट से एन.एच. रोड़ तक रोड़ चौड़ी करने और सर्किट हाउस में 10 नए कमरे बनाने को लेकर भी अपडेट लिया।

बैठक में स्वास्थ्य मंत्री व जिला प्रभारी मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने बजट घोषणाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि संबंधित अधिकारीगण बजट घोषणाओं का खुद फोलो करें ताकि बजट घोषणाओं का क्रियान्वयन जल्द हो सके। जिला अस्पताल नोखा को लेकर जमीन आवंटन मामला अटका होने पर उन्होंने बीच का रास्ता निकालते हुए जल्द कार्य शुरू करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जयपुर के स्तर पर कोई भी मामला अटका हो तो संबंधित विभाग इसकी जानकारी दें ताकि उसका जल्द निस्तारण करवा सकें। उन्होंने नाल पीएचसी जल्द शुरू करने के निर्देश दिए। बैठक में बीकानेर पूर्व विधायक सिद्धि कुमारी ने शहर में सड़क सुधार, सूरसागर जीर्णोद्धार, पब्लिक पार्क गेट ठीक करने और शास्त्रीनगर में नाला निर्माण मामला उठाने पर संबंधित विभागों के अधिकारियों ने अब तक हुए कार्यों की जानकारी दी। सुमन छाजेड़ ने गंगाशहर में नाला निर्माण करने और सड़कों का पेचवर्क क्वालिटी के साथ करने को कहा। बैठक में सीडीईओ महेन्द्र शर्मा ने बताया कि अगले साल से जयमलसर में बालिका सैनिक स्कूल में एडमिशन शुरू हो जायेंगे।

बैठक में जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने बजट घोषणाओं के अंतर्गत जमीन आवंटन के मामलों की विस्तृत जानकारी दी। बैठक में विधायक सिद्धि कुमारी, एसपी कावेन्द्र सागर, नगर निगम आयुक्त मयंक मनीष मौजूद थे।

प्लॉट विवाद में चार घायल, दो हायर सेंटर रेफर

सूरतगढ़, (कासं)। सूरतगढ़ के वार्ड नंबर 1 के टिब्बा एरिया में एक 25 गुणा 50 फीट के प्लॉट को लेकर शुक्रवार को दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। ईंट और लाठियां चलने से दो महिलाओं सहित चार लोग घायल हो गए।

सभी घायलों को तत्काल सरकारी अस्पताल के ट्रोमा सेंटर में भर्ती कराया गया, जहां दो को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली और घटना की जानकारी ली। सिटी थाना के सहायक उप निरीक्षक शिवलाल मीणा ने बताया कि विवादित प्लॉट पर दोनों पक्ष, एक ओर गुलाम (37) पुत्र हैदर अली निजामुद्दीन, वार्ड नंबर 1 व दूसरी ओर रणजीत (35) पुत्र सुल्तान राम, मजबी सिख अपना-अपना दावा जता रहे थे।

शुक्रवार को प्लॉट पर निर्माण कार्य चल रहा था, तभी गुलाम और रणजीत के बीच कहासुनी शुरू हो गई। बात बढ़ते-बढ़ते मारपीट में बदल गई और दोनों पक्षों के लोग ईंट व लाठियां लेकर एक-दूसरे पर टूट पड़े। हमले में रणजीत, गुलाम, सुनीता देवी और सोना देवी घायल हो गए। गुलाम के सिर पर गहरी चोटें आई, जिनमें कई टांके लगाये गए। महिलाओं को सिर और हाथ-पैर में हल्की चोटें आई।

प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने रणजीत और गुलाम को हायर सेंटर रेफर कर दिया। एएसआई ने बताया कि पुलिस को सूचना मिलते ही ट्रोमा सेंटर में पहुंचकर दोनों पक्षों से पूछताछ की गई, लेकिन अभी तक किसी पक्ष ने लिखित शिकायत नहीं दी है।

गंगानगर में सर्द हवाओं से ठंडक बढ़ी

श्रीगंगानगर, (कासं)। गंगानगर में उत्तरी हवाओं के कारण मौसम तेजी से बदलना शुरू हो गया है। सुबह-शाम ठंड पड़ रही है। जिसके कारण न्यूनतम व अधिकतम तापमान में लगातार गिरावट रिकॉर्ड की जा रही है। मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो अब तेजी से मौसम बदलेगा और ठंड का प्रभाव बढ़ेगा। आने वाली हवाएं 20 नवम्बर तक और अधिक ठंडी हो जायेगी। मौसम ड्राई रहने से कड़ाके की ठंड भी पड़ेगी।

कृषि अनुसंधान केन्द्र श्रीगंगानगर पर आज सुबह (शुक्रवार) न्यूनतम तापमान 13.6 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। गुरूवार को न्यूनतम तापमान 14.2 और अधिकतम तापमान 28.6 डिग्री रिकॉर्ड किया गया था। बुधवार को अधिकतम तापमान 29.7 व न्यूनतम तापमान 15.9 डिग्री रिकॉर्ड किया था। जबकि मंगलवार को यहां न्यूनतम तापमान 16.9 व अधिकतम तापमान 32.7 डिग्री रिकॉर्ड किया गया था। हवाओं का रूख पलटते ही मौसम में भी बदलाव शुरू हो गया है।

हिमालय क्षेत्र से आने वाली हवाएं 20 नवम्बर तक और अधिक ठंडी हो जायेगी। इस कारण क्षेत्र में भी कड़ाके की ठंड का दौर शुरू हो जायेगा। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो उत्तरी हवाओं का यह दौर पूरे प्रदेश में ठंड बढ़ायेगा। श्रीगंगानगर में सुबह-शाम कोहरे की भी आशंका है, जो ठंड को और बढ़ा देगी। गुरूवार को भी दिन भर ठंडी हवाएं चली थी और आसमान में हल्के बादल छाए रहे थे। मौसम में आये बदलाव के चलते अब दिन व रात के तापमान में0.6 डिग्री की गिरावट आई है।

सार-समाचार

वंदे मातरम् प्रभात फेरी निकाली

प्रभात फेरी को संभागीय आयुक्त विश्राम मीणा, जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

बीकानेर, (कासं)। राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर वंदे मातरम्-150 कार्यक्रमों की शुरूआत शुक्रवार को प्रभात फेरी से हुई। भारत माता की जयघोष और वंदे मातरम् के नारों के बीच संभागीय आयुक्त विश्राम मीणा, महानिरीक्षक पुलिस हेमंत शर्मा, जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि और पुलिस अधीक्षक कावेन्द्र सागर ने जूनागढ़ के आगे से हरी झंडी दिखाकर इसे रवाना किया। प्रभात फेरी में सबसे आगे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय साइकिल धावक रहे। पारंपरिक वेशभूषा में सजे-धजे रोबिलों ने भी इसमें भागीदारी निभाई। इसके बाद पुलिस के जवानों, एनएसएस, एनसीसी और स्काउट गाइड के प्रतिनिधि, शिक्षक, विद्यार्थी और आमजन का कारवां यहां से रवाना होकर शहीद स्मारक पहुंचा जहां शहीदों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों का सम्मान किया गया। प्रभात फेरी के सभी प्रतिभागी यहां से रविन्द्र रंगमंच पहुंचे। महिला अधिकारिता विभाग द्वारा विभिन्न स्थानों पर रंगोलियां सजाई गई। कार्यक्रम में बीकानेर विकास प्राधिकरण आयुक्त अपर्णा गुप्ता, अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रशासन) सुरेश कुमार यादव, अतिरिक्त कलेक्टर (नगर) रमेश देव, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक एल.डी. पंवार, जिला शिक्षा अधिकारी किशन दान चारण, महिला अधिकारिता विभाग की उपनिदेशक डॉ अनुराधा सक्सेना, महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक सुभाष बिश्नाई, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक बीरमाराम, सीओ स्काउट जसवंत राजपुरोहित सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

सोलर प्लांट के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू

बीकानेर, (कासं)। बीकेईएसएल ने मुख्यमंत्री निशुल्क विद्युत योजना के तहत पंजीयन शुरू हो गया है। अब उपभोक्ता 150 यूनिट फ्री बिजली योजना के लिए कम्पनी की वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन करा सकेंगे। हालांकि जो उपभोक्ता पहले से सौ यूनिट फ्री बिजली का लाभ उठा रहे हैं, उन्हें ही इसका फायदा मिलेगा। इस योजना में उपभोक्ताओं को राज्य सरकार की ओर से 1.1 किलोवाट की सोलर यूनिट लगाने के लिए 17 हजार रूपए का अनुदान दिया जायेगा। सीईएससी राजस्थान के प्रवक्ता ने बताया कि केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने पिछले दिनों 150 यूनिट निशुल्क बिजली योजना की शुरूआत की थी। इस योजना के तहत 1.1 किलोवाट की सोलर यूनिट लगाने पर केन्द्र सरकार की ओर से पीएम सूर्य घर योजना के तहत 33 हजार और राज्य सरकार की ओर से 17 हजार की सब्सिडी दी जा रही है। बीकानेर शहर के उपभोक्ता वेबसाइट पर जाकर वहां दिए गए लिंक पर पंजीयन करा सकते हैं। इसके बाद उपभोक्ताओं को राज्य सरकार व केन्द्र सरकार की ओर दी जाने वाली सब्सिडी का लाभ मिल जायेगा। तीन किलोवाट से अधिक क्षमता का सोलर प्लांट लगाने पर अधिकतम 78 हजार व राज्य सरकार की ओर से 17 हजार रुपए की सब्सिडी मिलेगी।

100 फीट चौड़ी सड़क में 60 फीट पर कब्जे, 40 फीट में ही बनेगी

बीकानेर, (कासं)। कब्जेधारियों को कब्जा करने की छूट प्रशासन कैसे देता है। इसका शहर में सबसे बड़ा उदाहरण 500 मीटर लम्बी रोड है जो कीर्ति स्तंभ चौराहे से भुट्टों के चौराहे तक जाती है। ये सड़क 100 फीट चौड़ी है मगर 60 फीट पर कई दशकों से कब्जा है। पीडब्लयूडी से लेकर तत्कालीन यूआईटी और नगर निगम ने कभी कब्जे नहीं हटाए।

विधानसभा चुनाव से पहले इस सड़क को बनाने का प्रस्ताव भेजा गया था जो अब मंजूर हुआ मगर अभी भी रोड सिर्फ 40 फीट ही बनेगी। 60 फीट रोड अभी भी कब्जेधारियों के लिए छोड़ दी। दरअसल इस साल विधायकों के 15-15 करोड़ रूपए से ही पीडब्लयूडी शहर में सड़कें बना रहा है। एक मात्र कीर्ति स्तंभ चौराहे से भुट्टों के चौराहे वाली सड़क है जिसे पीडब्लयूडी खुद बना रहा है। ये सीसी रोड है और 3 सालों से टूटी पड़ी है। इसे बनाने के लिए 2022 मे प्रस्ताव मुख्यालय भेजा गया था। विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले। चुनाव हो गए। विधायकों के दो साल पूरे होने को भी है लेकिन इस सड़क को बनाने की मंजूरी अब मिली।

■ **बीकानेर में कीर्ति स्तंभ से भुट्टों के चौराहे तक सड़क 100 फीट चौड़ी है लेकिन 60 फीट पर कब्जे हैं**

हैरानी की बात ये है कि ये सड़क 100 फीट चौड़ी है। एमएन इंस्टीटयूट से कीर्ति स्तंभ तक जैसे बीच में डिवाइडर रोड है ठीक वैसी ही चौड़ाई और नक्शा इस सड़क का भी है मगर इस सड़क पर लोगों ने कब्जे कर लिए। 60 फीट रोड तक पुराने वाहन बेचे जाते हैं। रोड पर बीचों बीच मंदिर बना और अब उसका विस्तार हो रहा है। लोगों के घरों के गेट तक रोड पर आ गए। प्रशासन पूरी तरह आंख बंद किए है ताकि ना कब्जे हटाने पड़े और ना रोड पूरी बनानी पड़े।

अगर बीच में डिवाइडर बनाकर ये रोड बनें तो दुर्गादास सर्किल से भुट्टों के चौराहे तक फोरलेन सड़क हो सकती है। अगर किसी को श्रीगंगानगर चौराहे होते हुए गजनेर रोड पर जाना तो उसे गंगानगर चौराहे से होकर नहीं जाना पड़ेगा। मगर तब जब ये रोड 100 फीट पूरी बनें। चाहे बीच में डिवाइडर न बनें पर अतिक्रमण हटाकर पूरी सड़क तो बनाई जाए। शहर के भीतर प्रमुख सबसे चौड़ी सड़कों में से एक सड़क ये भी हो सकती है मगर प्रशासन की अनदेखी से यहां कब्जेधारियों की मौज है।

शॉर्ट सर्किट से होटल में लगी आग

बीकानेर, (कासं)। जयनारायण व्यास कॉलोनी स्थित होटल हीरालाल के रेस्टोरेंट में शुक्रवार को आग लग गई। यह आग ए.सी. में शॉर्ट सर्किट के कारण भड़की थी। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई और एक बड़ा हादसा टल गया।

आग लगने के बाद देखते ही देखते धुआं पूरे होटल परिसर में फैल गया। जानकारी के अनुसार घटना के समय रेस्टोरेंट में कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीना का सहायक स्टाफ मौजूद था। आग का प्रारंभिक कारण ए.सी. में शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। आग की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाडियां तुरंत मौके पर पहुंची। दमकलकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। मौके पर मौजूद लोगों ने सूझबूझ दिखाते हुए रेस्टोरेंट में रखे गैस सिलेंडरों को तुरंत बाहर निकाल दिया, जिससे आग के और फैलने का खतरा टल गया।

सड़क हादसे में नागौर के युवक की मौत

बीकानेर, (कासं)। जिले के नापासर में भारत माला सड़क मार्ग पर शुक्रवार की सुबह एक सड़क हादसा हो गया। इसमें नागौर जिले के चोटीसर निवासी हरपाल पुत्र रामूसराम (30) की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसका साथी सुनील पुत्र बालूराम जाट (30) घायल हो गया।

सूचना पर नापासर थाना से एएसआई कविन्द्र कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि स्विफ्ट डिजायर कार आगे चल रही ट्रक से टकरा गई। कार हनुमानगढ़ से नागौर जा रही थी। हादसा सुबह करीब 6:30 बजे कंवरिया नंबर 207 के पास हुआ। घायल सुनील ने रिपोर्ट में बताया कि आगे चल रहे एक ट्रक ड्राइवर ने अचानक सड़क पर ब्रेक लगा दिए, जिससे कार ट्रक के पिछले हिस्से से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

■ **नापासर हाईवे पर हुआ हादसा, ट्रक के ब्रेक लगाने से टकराई थी कार**

दोनों घायलों को 108 एम्बुलेंस की सहायता से सीएचसी नापासर पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने हरपाल को मृत घोषित कर दिया। शव को मोर्चरी में रखवाया गया है और परिजनों को सूचना दे दी गई है। एएसआई कविंद्र कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या मामला ट्रक ड्राइवर की लापरवाही से हुआ प्रतीत होता है। हादसे के बाद क्रेन की मदद से वाहनों को सड़क किनारे हटाया गया और यातायात सुचारू किया गया। नापासर पुलिस ने अज्ञात ट्रक ड्राइवर के खिलाफ लापरवाही से गाड़ी चलाने से दुर्घटना घटित करने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नहर में कूदे पति का शव चार दिन बाद मिला

श्रीविजयनगर, (कासं)। श्रीविजयनगर क्षेत्र में चार दिन पहले नहर में कूदे दंपति में से पति का शव बरामद कर लिया गया है। चार नवम्बर को अनूपगढ़ शाखा नहर की बुर्जी नंबर 40 आरडी पर यह घटना हुई थी, जिसमें 24 एस.डी. निवासी राजपाल और उनकी पत्नी गीता देवी ने नहर में छलांग लगाई थी।

जानकारी के अनुसार दंपति ने किसी आपसी विवाद के चलते यह कदम उठाया था। घटना के समय मौके पर मौजूद राहगीरों और ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए पत्नी गीता देवी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया था। हालांकि राजपाल गहरे पानी में बह गया था और उसका पता नहीं चल पाया था। घटना की सूचना मिलने पर राजियासर पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से तलाश अभियान शुरू किया। चार दिन की लगातार खोज के बाद शुक्रवार सुबह राजपाल का शव कुपली के पास नहर से बरामद किया गया। शव को नहर से बाहर निकालकर राजकीय चिकित्सालय श्रीविजयनगर लाया गया जहां पोस्टमार्टम होगा।

■ **चार नवम्बर को अनूपगढ़ शाखा नहर की बुर्जी नंबर 40 आरडी पर हुई घटना में पत्नी को राहगीरों ने बचा लिया था**

पिकअप-ऑटो की भिड़ंत में महिला की मौत

नोखा, (कासं)। नोखा थाना क्षेत्र में सुजानगढ़ रोड पर एक पिकअप और ऑटो की टक्कर हो गई। हादसे में महिला की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे के बाद मौके से गुजर रहे रूपाराम सारण ने अपने निजी वाहन से घायलों को नोखा के जिला अस्पताल पहुंचाया। इस दौरान वार्डपंच कैलाश भादू ने भी उनकी मदद की। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ऑटो में सवार एक महिला और दो युवक घरेलू सामान लेकर नोखा की ओर जा रहे थे। सोमलसर गांव के पास एक तेज रफ्तार पिकअप ने ऑटो को टक्कर मार दी। हादसे में नोखा निवासी चिड़ी देवी सांसी की मौत हो गई। गंभीर रूप से घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

औद्योगिक खनिज और सिरेमिक पर विशेषज्ञ दो दिन करेंगे मंथन

बीकानेर, (कासं)। माइनिंग इंजीनियर्स एसोसिएशन आफ इंडिया (एमईआईए) के जोधपुर चैप्टर तथा बीकानेर डिस्ट्रिक्ट माइन ओनर्स एसोसिएशन द्वारा बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में 'औद्योगिक खनिज और सिरेमिक : डाउनस्ट्रीम उद्योग और निवेश के अवसर' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन 8 और 9 नवम्बर को जयपुर-जोधपुर बाईपास स्थित रिद्धि सिद्धि रिसोर्ट में आयोजित किया जायेगा।

एमईआईए के जोधपुर चैप्टर अध्यक्ष दीपक तंवर ने शुक्रवार को आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि बीकानेर संभाग में खनिज के अपार भंडार हैं। संभाग में देश का नब्बे प्रतिशत जिप्सम और 70 प्रतिशत वॉल क्ले का उत्पादन होता है। इतनी प्रचुर मात्रा में खनिज होने के बावजूद बीकानेर को इस सम्पदा का पूर्ण औद्योगिक लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने बताया कि गुजरात का मोरबी आज सिरेमिक उत्पादन का हब है, जबकि वह कच्चे माल के लिए बीकानेर पर निर्भर है।

■ **'औद्योगिक खनिज और सिरेमिक : डाउनस्ट्रीम उद्योग और निवेश के अवसर' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन**

उन्होंने बताया कि कच्चे माल के बावजूद मूल्य संवर्धन तकनीक का उपयोग नहीं होने के कारण बीकानेर को वास्तविक औद्योगिक लाभ नहीं मिल पा रहा है। यह लाभ बीकानेर को मिले, इसके लिए इस विषय के देशभर के विशेषज्ञ सम्मेलन को दौरान अपने अनुभव साझा करेंगे।

तथा मोरबी की तर्ज पर बीकानेर को सिरेमिक हब बनाने की दिशा में रोडमेप तैयार किया जाएगा। सभी प्रस्तावों को घोषणा पत्र के रूप में संकलित करते हुए राज्य सरकार को भेजे जायेंगे।

वन्दे मातरम् में देशभक्ति की भावना के साथ राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन

बीकानेर, (कासं)। राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर वंदे मातरम्-150 का जिला स्तरीय समारोह शुक्रवार को रविन्द्र रंगमंच पर आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री तथा जिला प्रभारी मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद थे। कार्यक्रम में बीकानेर पूर्व विधानसभा क्षेत्र विधायक सिद्धि कुमारी, संभागीय आयुक्त विश्राम मीणा, जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि, सुमन छाजेड़, कार्यक्रम के संभाग प्रभारी तथा नगर विकास न्यास के पूर्व अध्यक्ष महावीर रांका, पूर्व उपमहापौर राजेन्द्र पवार, पूर्व पार्षद नरेश जोशी सहित अनेक जनप्रतिनिधि, विद्यार्थी तथा आमजन मौजूद रहे। कार्यक्रम में चूरू, श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ के जनप्रतिनिधियों ने भी शिरकत की।

बीकानेर में चिकित्सा एवं जिला प्रभारी मंत्री गजेन्द्र सिंह के नेतृत्व में राष्ट्रगीत के सामूहिक गायन में विधायक सिद्धि कुमारी, संभागीय आयुक्त विश्राम मीणा, जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि मौजूद थी।

कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रगीत के सामूहिक गान के साथ हुई। सभी ने देशभक्ति की भावना के साथ राष्ट्रगीत का गायन किया। इस दौरान विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। इससे पहले चिकित्सा मंत्री खींवसर का केसरिया साफा पहनकर नगर विकास न्यास के पूर्व अध्यक्ष महावीर रांका ने स्वागत किया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में नई दिल्ली में तथा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में जयपुर में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह ने सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा रविन्द्र रंगमंच पर लगाई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में 29 चित्रों के माध्यम से वंदे मातरम् के इतिहास तथा वंदे मातरम् गीत के संबंध में विशिष्ट जनों के वक्तव्य को प्रदर्शित किया गया। बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा डेढ़ सौ वर्ष पूर्व लिखे इस गीत ने देश की आजादी चेतना जागृत की।

■ **रविन्द्र रंगमंच पर वन्दे मातरम् जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित**

नरेगा जॉब कार्ड की ई-केवाईसी 15 तक

पूगल, (कासं)। महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के लिए बनाए गए जॉब कार्ड की ई-केवाईसी की अंतिम तिथि 15 नवम्बर निर्धारित की गई है।

हालांकि ग्रामीण क्षेत्रों में खेती-बाड़ी के काम में व्यस्तता के कारण अभी तक केवल 35 प्रतिशत जॉब कार्ड धारकों ने ही ई-केवाईसी करवाई है। पूगल पंचायत समिति में कुल 56,675 जॉब कार्ड धारी श्रमिक हैं। यहां की 37 ग्राम पंचायतों में से 21 में 35 प्रतिशत और शेष 16 ग्राम पंचायतों में 35 से 65 प्रतिशत तक ई-केवाईसी का काम पूरा हुआ है। ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम सेवक, ग्राम रोजगार सहायक और एलडीसी कर्मचारियों को ई-केवाईसी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पूगल पंचायत समिति के विकास अधिकारी गोपाराम मेघवाल ने बताया कि सभी जॉब कार्ड धारकों के लिए ई-केवाईसी करवाना अनिवार्य है।

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक:- नियमन/2025/4478 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 07/11/2025

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 5 ई छोटी मुरब्बा नं. 20 के किला नं. 23 में भूखण्ड संख्या का माप 30' गुणा 55' फीट के नियमन / पटटा हेतु आवेदक श्रीमती किरण पत्नी श्री इन्द्राज निवासी मांझुवास पदमपुर श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों / रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्रीमती किरण पत्नी श्री इन्द्राज निवासी मांझुवास पदमपुर श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 5 ई छोटी मुरब्बा नं. 20 के किला नं. 23 में भूखण्ड संख्या का माप 30' गुणा 55' फीट का नियमन / पटटा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/ पटटा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पटटा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नही होगा। - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक :- नियमन/2025/Rajkaj Ref. No. 442 दिनांक :- 4.11.25

सार्वजनिक आपत्ति सूचना

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 3 ए छोटी मुरब्बा नं. 44 के किला नं. 12 में भूखण्ड संख्या का माप 20' गुणा 50' फीट के नियमन / पटटा हेतु आवेदक श्री दोषदमन सिंह पुत्र श्री वासुदेव सिंह निवासी चक 12 एच एच (बानियाँवाला) श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों / रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्री दोषदमन सिंह पुत्र श्री वासुदेव सिंह निवासी चक 12 एच एच (बानियाँवाला) श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 3 ए छोटी मुरब्बा नं. 44 के किला नं. 12 में भूखण्ड संख्या का माप 20' गुणा 50' फीट का नियमन / पटटा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन / पटटा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पटटा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। - सचिव, नगर विकास, न्यास, श्रीगंगानगर

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक : नियमन/2025/4475 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 6-11-2025

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 1 ए छोटी मुरब्बा नं. 53 के किला नं. 08 में भूखण्ड का माप 13-6'' गुणा 65-0'' फीट के नियमन/पटटा हेतु आवेदक श्री राम प्रकाश पुत्र श्री रिखीराम निवासी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन/पटटा सं. 3979 दिनांक 28.03.2013 के द्वारा जारी किया गया था। आवेदक/ पटटाधारक द्वारा उक्त जारी पटटे को निर्धारित समयावधि में उपपंजीयन कार्यालय से पंजीकृत नही करवाया गया। आवेदक द्वारा जरिये प्रार्थना पत्र उक्त भूखण्ड के जारी पटटे को नवीनीकरण हेतु निवेदन किया गया है। विभागीय आदेशानुसार 3 वर्ष अवधि के पश्चात पटटा नवीनीकरण नही किया जाकर पुनः नया पटटा जारी किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/पटटे के आधार पर नया पटटा जारी करने के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त नियमानुसार आवेदक श्री राम प्रकाश पुत्र श्री रिखीराम निवासी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/जारी पटटे के आधार पर चक 1 ए छोटी मुरब्बा नं. 53 के किला नं. 08 में भूखण्ड का माप 13-6'' गुणा 65-0'' फीट का नियमन/पटटा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/पटटा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पटटा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नही होगा। -सचिव,नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक : नियमन/2025/4461 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 31-10-2025

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 3 ए छोटी मुरब्बा नं. 4 के किला नं. 14, 17 में भूखण्ड संख्या का माप 30' गुणा 35' फीट के नियमन/पटटा हेतु आवेदक श्रीमती निर्मला रानी पत्नी श्री लेखराज निवासी सुरजीतसिंह कॉलोनी, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्रीमती निर्मला रानी पत्नी श्री लेखराज निवासी सुरजीतसिंह कॉलोनी, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 3 ए छोटी मुरब्बा नं. 4 के किला नं. 14, 17 में भूखण्ड संख्या का माप 30' गुणा 35' फीट का नियमन/प